पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने जनपद मेरठ में मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया

प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मेरठ ने विगत 10 वर्षों में देश की बेहतरीन कनेक्टिविटी को प्राप्त किया : मुख्यमंत्री

देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली–मेरठ के बीच प्रारम्भ हो चुकी

मेरठ 12–लेन एक्सप्रेस–वे की बेहतरीन कनेक्टिविटी से जुड़ चुका

मेरठ–प्रयागराज गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण अंतिम चरण की ओर, राज्य सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में गंगा एक्सप्रेस–वे को मेरठ से हरिद्वार के बीच बढ़ाने का निर्णय लिया

प्रयागराज शहर की तरह मेरठ शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेण्ट के लिए बेहतर प्लानिंग की जाएगी, शहर में ट्रैफिक मैनेजमेण्ट, ड्रेनेज, सीवर, वेस्ट मैनेजमेण्ट, स्ट्रीट वेण्डर्स के व्यवस्थित पुनर्वास जैसे कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत आज मेरठ और सहारनपुर मण्डल के 1,070 युवा उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने का कार्य किया गया

मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में इसी वर्ष से सत्र को प्रारम्भ करने का प्रयास किया जाएगा

लखनऊ : 09 मार्च, 2025

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद मेरठ भ्रमण के अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मेरठ ने विगत 10 वर्षों में देश की बेहतरीन कनेक्टिविटी को प्राप्त किया है। देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली–मेरठ के बीच प्रारम्भ हो चुकी है। 12–लेन एक्सप्रेस–वे की बेहतरीन कनेक्टिविटी मेरठ के लिए पहले ही प्रारम्भ हो चुकी है। मेरठ–प्रयागराज गंगा एक्सप्रेस–वे का निर्माण अंतिम चरण की ओर है। आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में राज्य सरकार ने गंगा एक्सप्रेस–वे को मेरठ से हरिद्वार के बीच बढ़ाने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार ने मेरठ में विभिन्न विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। प्रयागराज शहर में महाकुम्भ के दृष्टिगत जिस प्रकार इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेण्ट, सड़कों के चौड़ीकरण, नये फ्लाईओवर व अण्डर पास के निर्माण तथा ड्रेनेज व वेस्ट मैनेजमेण्ट के कार्यों को सम्पन्न किया गया है, उसी प्रकार मेरठ शहर के लिए भी बेहतर

प्लानिंग की जाएगी। शहर में ट्रैफिक मैनेजमेण्ट, ड्रेनेज, सीवर, वेस्ट मैनेजमेण्ट, स्ट्रीट वेण्डर्स के व्यवस्थित पुनर्वास जैसे कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

मेरठ शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर और अत्याधुनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन से कहा गया है कि सम्बन्धित विभाग जनप्रतिनिधियों से मिलकर प्रस्तावों को तत्काल शासन को उपलब्ध कराएं। समय से यह प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरान्त सरकार इन कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्यों में रुचि ली है और भावी योजनाओं के प्रति भी रुचि दिखायी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवा उद्यमियों के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना शुरू की है। इस लोकप्रिय योजना के अन्तर्गत आज मेरठ और सहारनपुर मण्डल के 1,070 युवा उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत 31 मार्च, 2025 तक 01 लाख युवा उद्यमियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य है। अब तक 02 लाख 70 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। 01 लाख से अधिक आवेदनों की स्क्रीनिंग करते हुए बैंकों को भेजा जा चुका है, जिसमें बैंकों ने अब तक 25 हजार से अधिक लोन स्वीकृत कर दिए हैं।

प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत लाभार्थियों को मार्जिन मनी के साथ ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है। इससे नये उद्यमी, नये रोजगार एवं नौकरियों के अवसर सृजित होंगे। मेरठ के युवाओं में इस योजना के प्रति बड़ी जागरूकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश की पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द के नाम पर मेरठ में निर्माणाधीन है। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। उन्होंने आज स्वयं स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निरीक्षण किया है। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में इसी वर्ष से सत्र को प्रारम्भ करने का प्रयास किया जाएगा।

\-\-\-\-\-\-\-\-

<u>PN-CM-Media Briefing-Meerut-09 March, 2025</u>